an>

Title: Need to establish a separate High Court in Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) ः हरियाणा प्रदेश के आदरणीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर है। हरियाणा का निर्माण 1 नवंबर, 1966 को हुआ। यद्यपि उस समय हरियाणा की उन्नति एक चुनौती थी परंतु यहां की जनता ने दिन रात मेहनत करके हरियाणा की उन्नति में चार चांद लगाये। हरियाणा 1 नवंबर को अपने निर्माण के 50वें वर्ष को गोल्डन जुबली के रूप में मनाने जा रहा है। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हरियाणा के बनने के 50 वर्ष पूरा होने के बाद भी देश का एक ऐसा राज्य है जिसका अपना हाईकोर्ट नहीं है। हरियाणा राज्य बनने के पहले पंजाब का हिस्सा था। चंडीगढ़ हमारी संयुक्त राजधानी है। अब वक्त आ गया है कि हरियाणा का अपना अलग हाईकोर्ट हो। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि हमारी इस मांग को तुरंत पूर्ण करने के लिए केंद्र सरकार सकारात्मक कदम उठाये।